# महिलाओं ने शीतला माता की पूजा-अर्चना कर लगाया ठंडे पकवानों का भोग

**बीकानेर,** (कासं)। चैत्र कृष्ण पक्ष की सप्तमी और अष्टमी को मनाया जाने वाला लोक पर्व शीतला अष्टमी बुधवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने शीतला माता के मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और ठंडे पकवानों का भोग लगाया। मंदिरों में सुबह से ही महिलाओं की लम्बी कतारें देखी गई।

श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक गीत गाती हुई मंदिर पहुंची। उन्होंने 'सीली शीतला ओ माय, सरवर पूजती घर आए' जैसे गीत गाए। माता को पुए-पकोड़ी, पूड़ी, पापड़ी, हलुआ, राबड़ी, मक्का की घाट, मोहनथाल, गुंजिया, पेठे और सकरपारे सहित विभिन्न प्रकार के ठंडे व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। पूजा के बाद महिलाओं ने पत्थवारी पूजन की परंपरा भी निभाई।



बीकानेर में शीतला सप्तमी पर संत नामदेव छीपा समाज की महिलाओं ने फुलडा गणगौर महोत्सव मनाया।

■ पुए-पकौडी, पुडी, पापड़ी, हलुआ, राबड़ी, मक्का की घाट, मोहनथाल, गुंजिया, पेठे और ठंडे व्यंजनों का भोग लगाया

शीतला माता के मंदिरों में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं दर्शन और पूजा के लिए पहुंची। कई स्थानों पर भक्तों को अपनी बारी के लिए इंतजार करना पड़ा। माता को भोग लगाने के उपरांत घरों में भी परिवार के सभी सदस्यों ने परंपरा के अनुसार ठंडा भोजन ग्रहण किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऋतु परिवर्तन के समय शीतला माता का व्रत और पूजन करना शुभ माना जाता है। यह भी माना जाता है कि सप्तमी और अष्टमी के दिन माता की पूजा करने से दाह ज्वर, पीत ज्वर, दुर्गन्धियुक्त फोड़े, नेत्र रोग तथा मौसम बदलने से होने वाले कई रोगों से रक्षा होती है। पूगल क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में बुधवार को सुबह से ही महिलाएं और श्रद्धालुओं ने शीतला माता के मंदिरों और धार्मिक आस्था के प्रतीक खेजड़ी वृक्ष का पूजन किया। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि और बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। परंपरा के अनुसार इस पर्व पर एक दिन पहले तैयार किए गए ठंडे भोजन का भोग शीतला माता को अर्पित किया जाता है। महिलाओं ने अपने घरों में पूड़ी, पकौड़ी, दही बड़ा, चावल और विभिन्न प्रकार के मीठे पकवान तैयार किए। इन पकवानों को शीतला माता को भोग लगाने के बाद परिवार के सभी सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**फूलडा गणगौर का उत्सव मनाया :** बीकानेर में संत नामदेव समाज की महिलाओं ने शीतला सप्तमी के दिन प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी लकड़ी व नीम की डालियों से हस्तकला से संबंधित फूलडा गणगौर बनाकर धूमधाम से उत्सव मनाया। इसमें समाज की महिलाओं, लड़कियों व छोटे-छोटे बच्चों ने भी बढ़- चढ़कर भाग लिया। महिलाओं ने गवरजा के सामने ढोल नगाड़ों के साथ सामूहिक घूमर नृत्य किया तथा एक दूसरे के गुलाल लगाई। नामदेव ट्रस्ट के सचिव हनुमान छींपा ने बताया कि इसमें मुख्य भूमिका ललिता छींपा, यशोदा, प्रेमलता, संगीता, सुमन, लाली, छोटी देवी, लीक्ष्मा देवी, मनीषा, बसंती, किरणा, संतोष देवी, टीना, वंदना, वर्षा, सुशीला, रेखा सोनी, अरूणा देराश्री आदि महिलाओं व बच्चों ने निभाई। इस परंपरा के अंतर्गत गवरजा बनाकर पूरे मोहल्ले में घुमाया जाता है। प्रत्येक घर के आगे गवरजा की पूजा करके खोल भराई की रस्म अदा की जाती है। कहा जाता है कि फुलडा गणगौर की जो भी महिला व पुरूष पूजा करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है।

## साध्वी राजीमती का मंगल विहार

**नोखा,** (कासं)। शासन गौरव साध्वी राजीमती के मंगल विहार के अवसर पर आयोजित मंगल भावना कार्यक्रम का प्रथम चरण श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लेकर साध्वी संघ के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

इस अवसर पर साध्वी प्रभातप्रभा और साध्वी पुलकितयशा ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन देते हुए धर्म, संयम और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साधु-साध्वियों का विहार केवल यात्रा नहीं बल्कि समाज में सदाचार और आध्यात्मिक चेतना जगाने का माध्यम होता है।

कार्यक्रम के दौरान कई श्रावक-श्राविकाओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए साध्वी राजीमती के प्रति मंगल भावनाएं व्यक्त की। इनमें सभा मंत्री मनोज घीया, युवक परिषद मंत्री सुरेश बोथरा, महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति मरोठी, महिला मंडल मंत्री मोनिका बैद, निर्मल भूरा, इंदरचंद बैद, सुनील बैद, जयश्री भूरा, मंजू बैद, धारा लूणावत, सोनू बोथरा, रितिक बुच्चा, देवांश बैद, निष्ठा बैद, चार्वी बैद और ईशा बैद प्रमुख थे।

कार्यक्रम में बाहर से आये रोशन बोथरा ने अपनी गीतिका के माध्यम से मंगल भावना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने सराहा। कार्यक्रम का संयोजन महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष सुमन मरोठी ने किया।

## सार-समाचार

## 'पोषाहार का समय पर वितरण करें'



जिला पोषण अभिसरण की जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक लेते एडीएम ( प्रशासन ) सुरेश कुमार यादव।

**बीकानेर,** (कासं)। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला पोषण अभिसरण की जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक बुधवार को एडीएम प्रशासन सुरेश कुमार यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में यादव ने कहा कि जिले में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषाहार का वितरण समय पर करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। आंगनबाड़ी के बच्चे ही भविष्य में देश के युवा होंगे। लिहाजा पोषण वितरण में कोताही ना बरतें। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर टीकाकरण भी समय पर हो। यादव ने कहा कि जिले में कुछ आंगनबाड़ी केन्द्र ऐसे हैं जहां उनका भवन तो बना हुआ है लेकिन उनका पट्टा नहीं है तो ऐसे में संबंधित ग्राम पंचायत में पट्टे के लिए आवेदन करवाएं। उन्होंने जिले में जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्राथमिकता से चिन्हित कर प्रस्ताव भिजवाने एवं नव निर्माण हेतु चयनित केन्द्रों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीएम यादव ने जिले की समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण करने व लाभ प्रदान करने का निर्देश भी दिए। यादव ने समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विद्युतीकरण करवाने एवं वंचित केन्द्रों पर सोलर अथवा अन्य संभव समाधान पर कार्रवाई करने को कहा। इससे पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई ने महिला एवं बाल विकास की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हुए कार्यों और विभागीय जानकारी एडीएम प्रशासन को दी। बैठक में जिला परिषद एसीईओ पंचायती राज प्रियंका तलानिया, डिप्टी सीएमएचओ डॉ योगेन्द्र तनेजा, राजीविका डीपीएम दिनेश कुमार मिश्रा समेत महिला एवं बाल विकास के सभी सीडीपीओ व अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

## आधार अपडेट की प्रक्रिया समझाई




आधार यूनिवर्सल क्लाइंट कार्यशाला में सत्येन्द्र सिंह राठौड ने आधार अपडेट की जानकारी दी।

**बीकानेर,** (कासं)। पंचायत समिति बीकानेर में बुधवार को एक दिवसीय आधार यूनिवर्सल क्लाइंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अतिरिक्त निदेशक सत्येन्द्र सिंह राठौड़ ने किया। कार्यशाला में जिले के विभिन्न रजिस्ट्रार संस्थानों-डीओआईटी, बैंक, पोस्ट ऑफिस तथा आईसीडीएस आदि के आधार ऑपरेटर उपस्थित रहे। इस दौरान यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर से सहायक प्रबंधक आशुतोष कुमार ने बताया कि आधार यूनिवर्सल क्लाइंट, यूआईडीएआई द्वारा विकसित एक विशेष सॉफ्टवेयर है। इसके माध्यम से ऑपरेटर आमजन की डेमोग्राफिक डिटेल्स जैसे नाम, पता, मोबाइल नंबर और ईमेल आदि को प्रभावी ढंग से अपडेट कर सकते हैं। कार्यशाला का संचालन मास्टर ट्रेनर हितेश गज्जर ने किया। उन्होंने उपस्थित आधार ऑपरेटरों को यूनिवर्सल क्लाइंट की तकनीकी जानकारी एवं उपयोग की प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम में एनालिस्ट-कम-प्रोग्रामर गौरव भाटिया, प्रोग्रामर गिरीश कुमार सोनी, प्रमोद शर्मा सहित विभागीय स्टाफ मौजूद रहा।

## कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन कल

**बीकानेर,** (कासं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी (देहात व शहर) बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में केन्द्र सरकार द्वारा रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी व सरकार की नीतियों के कारण आम जनता, व्यापारियों तथा सामाजिक संगठनों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों से आम आदमी का बजट बिगड़ रहा है। वहीं सामाजिक कार्यक्रमों के लिए कामर्शियल सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने में विफल रहने के विरोध में देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग व शहर अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल के संयुक्त नेतृत्व में 13 मार्च को प्रात: 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट, बीकानेर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा। देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग व शहर अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल ने संयुक्त बयान में कहा कि इजरायल, अमेरिका और ईरान के मध्य हो रहे युद्ध के समय देश के हितों को संरक्षित करने में केन्द्र की भाजपा सरकार गलत विदेश नीति के कारण विफल रही हैं, जिस कारण देश में ईधन का संकट व्याप्त हो गया है। इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी आमजन की समस्याओं को उजागर करते हुए सरकार तक जनता की आवाज़ पहुंचाने का कार्य करेगी। जिला महासचिव (संगठन) प्रहलाद सिंह मार्शल ने बताया कि देहात व शहर कांग्रेस पार्टी के सभी जनप्रतिनिधियों जिला प्रमुख, प्रधान, जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों, जिला, ब्लॉक और मण्डल कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों, अग्रिम संगठनों सहित सभी कांग्रेसजनों से अधिक से उपस्थित होकर इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने का आव्हान किया है।

# बीकानेर शहर में ड्रेनेज के लिए 59 करोड़ रूपए मंजूर

■ वल्लभ गार्डन और गंगाशहर में जलभराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी

■ ऑर्डर आते ही निगम वर्कऑर्डर जारी करेगा

**बीकानेर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की घोषणा के 26 महीने बाद शहर के ड्रेनेज सिस्टम के लिए 59 करोड़ रूपए मंजूर हो गए। आपदा प्रबंधन विभाग ने टेक्नीकल स्वीकृति पहले दे दी थी और चार दिन पहले आपदा प्रबंधन मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने भी इस फाइल को मंजूर कर दिया। अब वहां से ऑर्डर आते ही निगम वर्कऑर्डर जारी करेगा।

इस प्रोजेक्ट से शहर में चार जगह जलभराव की समस्या दूर हो जायेगी। यही फाइल वित्त मंत्री दीया कुमारी के विभाग में साल भर तक घूमी पर बजट नहीं मिला। दरअसल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीएम बनने के बाद पहले ही बजट में बीकानेर के ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने के लिए 100 करोड़ रूपए मंजूर किए थे। बाद में डिप्टी सीएम दीया कुमारी के अधीन वित्त मंत्रालय ने इसमें कटौती कर दी। बचे 59 करोड़ रूपए के लिए एक साल से नगर निगम अधिकारियों से सवाल-जवाब हो रहे हैं। जयपुर के कई चक्कर लगाए मगर पैसा नहीं मिला। डीएलबी ने इसके लिए निगम को कई पत्र लिखकर छोटे-छोटे प्वाइंट पर जवाब मांगा। इसके बावजूद बजट नहीं मिला। मामले ने तूल पकड़ा क्योंकि ये सीएम घोषणा थी।

भाजपा नेता और मंत्री हर मंच पर पैसे की कमी ना होने की दुहाई दे रहे थे और सीएम घोषणा के लिए बजट नहीं मिल रहा था। तब सीएम ने इसे आपदा प्रबंधन विभाग से बजट दिलाने के लिए कहा। वित्त मंत्रालय दीया कुमारी के पास है, जिनके विभाग में सालभर फाइल घूमती रही और अंत में बजट नहीं मिला। मगर जैसे ही डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के विभाग में फाइल गई तो एक महीने के भीतर ही बजट मिल गया। ढोलामारू बारिश के पानी जमा होने का नया केन्द्र बन गया है। इसलिए यहां से एक नाला बनाकर सर्किट हाउस के पास नाले में जोड़ा जायेगा। इससे यहां की समस्या दूर होगी। इसके अलावा कलेक्ट्रेट से एक नाला बन रहा और ये भी सर्किट हाउस वाले नाले में जुड़ेगा। एक नाला श्रीगंगानगर चौराहे से कीर्ति स्तंभ चौराहे तक बनेगा। ये नाला श्रीगंगानगर चौराहा और गजनेर रोड के पानी को खींचकर कीर्ति स्तंभ वाले नाले में लायेगा। कोठारी हॉस्पिटल के पास भी एक नाला बनाने का प्रयास चल रहा है।

शहर में सबसे पुरानी समस्या नगर निगम, सूरसागर और उसके आसपास बारिश में भरने वाला पानी है। इसके समाधान के लिए पेट्रोल पंप के पास से एक नाला कीर्ति स्तंभ चौराहे वाले नाले से जोड़ने के लिए तीन बार टेंडर किया गया मगर उसमें कोई भागीदारी नहीं निभा रहा। इसलिए अब निगम चौथी बार फिर टेंडर करने की तैयारी कर रहा है। मगर इस बार शर्तें कुछ कम की जायेगी ताकि ठेकेदार इसमें हिस्सा लें।

## शहादत दिवस पर 240 यूनिट रक्तदान

**नोखा,** (कासं)। शहीद जगदीश प्रसाद बिश्नोई के 9 वें शहादत दिवस के अवसर पर 240 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान उनकी वीरांगना रचना बिश्नोई का सम्मान भी किया गया। समाज के युवाओं और गणमान्य लोगों ने इस रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आयोजन समिति के सुभाष खारा ने बताया कि पीबीएम ब्लड बैंक बीकानेर की टीम ने शिविर में पहुंचकर रक्त संग्रहण किया। इस अवसर पर सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) अजमेर से आये एक जवान ने शहीद की वीरांगना रचना बिश्नोई को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। राजकीय बागड़ी महाविद्यालय के नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान उपस्थित सैकड़ों लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन वीरांगना रचना बिश्नोई, आसकरण भट्ड, जेठूसिंह राजपुरोहित, निर्मल भूरा, जगदीश भार्गव, नरेन्द्र चौहान, महेन्द्र संचेती ने किया।

# नोखा गांव में शीतला अष्टमी पर मेला भरा

■ हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, मंदिर निर्माण में दानदाताओं ने किया सहयोग

**नोखा,** (कासं)। जिले के नोखा गांव स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में बुधवार को शीतला अष्टमी के अवसर पर विशाल मेला भरा। शीतला सप्तमी के बाद दूसरे दिन भी हजारों श्रद्धालु माता शीतला के दर्शन के लिए पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लम्बी कतारें देखी गई।

श्रद्धालुओं ने माता के समक्ष धोक लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और खुशहाली की कामना की। अष्टमी के अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ माता शीतला की विशेष पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर स्थित तालाब से मिट्टी निकालकर घर ले जाने की परंपरा भी निभाई।

ऐसी मान्यता है कि यह मिट्टी घर में रखने से सुख-समृद्धि और खुशहाली बनी रहती है। मेले के दौरान मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र दिनभर भक्तों की भीड़ से गुलजार रहा। मेले में लगी अस्थायी दुकानों पर महिलाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। यहां प्रसाद, मिठाई, खिलौने और चेनार की माटी से बने बर्तनों की दुकानों पर लोगों ने खरीदारी की। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। स्थानीय युवाओं ने भी व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शीतला माता युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर, तालाब क्षेत्र, पेयजल और सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी भी रखी।

मेले के दौरान माता शीतला के भव्य मंदिर निर्माण का कार्य भी तेजी से जारी है। मंदिर निर्माण के लिए क्षेत्र के दानदाता बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं और श्रद्धालु अपनी आस्था के अनुसार दान दे रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व सरपंच मेघसिंह राठौड़ ने श्रद्धालुओं से मंदिर निर्माण में अधिक से अधिक सहयोग करने का आव्हान किया।

# जन विरोध से अटका ओवरब्रिज का काम

■ रेलवे ने कलेक्टर को पत्र लिखकर काम बीच में छोड़ने की चेतावनी दी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। रेल मंडल के हनुमानगढ़ जंक्शन को गांधी नगर क्षेत्र को जोड़ने के लिए फुटओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) का निर्माण कार्य नगर परिषद हनुमानगढ़ की मांग पर कराया जा रहा है। यह कार्य डिपोजिट स्कीम के अंतर्गत नगर परिषद से प्राप्त निधि के आधार पर रेलवे ने स्वीकृत किया था। अब इस फुट ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर जन विरोध हो रहा है।

ऐसे में मंडल ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर रेलवे की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। निर्माण कार्य के दौरान यह पाया गया कि नगर परिषद से प्राप्त स्वीकृत डिपोजिट राशि परियोजना के लिए पर्याप्त नहीं है, जिससे कार्य में वित्तीय कमी उत्पन्न हो गई। इसके बावजूद रेलवे विभाग ने जनहित, यात्रियों तथा आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अपने संसाधनों से 1.72 करोड़ की अतिरिक्त राशि का एस्टीमेट स्वीकृत करवाया ताकि गांधी नगर एफ.ओ.बी. का निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में पूर्ण किया जा सके।

एफ.ओ.बी. का अधिकांश निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। केवल गांधी नगर साइड की लेग/सीढियों से संबंधित कुछ कार्य शेष रह गया है। लेकिन स्थानीय स्तर पर हो रहे जन विरोध एवं अनावश्यक अवरोधों के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे परियोजना में देरी के साथ-साथ कानून-व्यवस्था एवं रेलवे सुरक्षा से जुड़े प्रश्न भी उत्पन्न हो रहे हैं।

## अनुष्का शर्मा का इंस्पायर्ड अवार्ड के लिए चयन

**देशनोक,** (कासं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पलाना की कक्षा 9 की छात्रा अनुष्का शर्मा का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित इंस्पायर्ड अवार्ड मानक योजना के लिए चयन किया गया है। यह चयन सत्र 2025-26 के लिए हुआ है।

अनुष्का शर्मा ने अपने शोध प्रोजेक्ट के तहत एक इनोवेटिव वॉकर मॉडल तैयार किया है। यह मॉडल भविष्य में दिव्यांगजनों के लिए अत्यंत उपयोगी और महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण चौधरी ने इस उपलब्धि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनुष्का का यह नवाचार दिव्यांगों के जीवन को आसान बनाने में सहायक होगा। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

# गैस सिलेंडर आपूर्ति की लेट-लतीफी से लोग परेशान

■ बुकिंग नहीं होने से उपभोक्ता परेशान, होटल-रेस्टोरेंटों पर संकट आने से कारोबार बंद करने की नौबत

**बीकानेर,** (कासं)। शहर में इन दिनों गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर परेशानी बढ़ती नजर आ रही है। घरेलू और व्यावसायिक दोनों तरह के गैस सिलेंडरों की सप्लाई में देरी के कारण आमजन से लेकर छोटे कारोबारियों तक सभी परेशान हैं।

पहले जहां सिलेंडर बुक करने के कुछ ही दिनों में डिलीवरी हो जाती थी। वहीं अब लोगों को लम्बा इंतजार करना पड़ रहा है। मौजूदा व्यवस्था के तहत घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति 25 दिन बाद ही करने का नियम लागू किया गया है। इस नियम के कारण बीकानेर जैसे शहर में कई संयुक्त परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

शहर में सैकड़ों ऐसे परिवार हैं जहां एक महीने में दो गैस सिलेंडरों की खपत हो जाती है। पहले जरूरत पड़ने पर दूसरा सिलेंडर भी आसानी से मिल जाता था, लेकिन अब तय समय सीमा के कारण अतिरिक्त सिलेंडर मिलना मुश्किल हो गया है। घरेलू उपभोक्ताओं का कहना है कि सिलेंडर खत्म होने पर उन्हें या तो इंतजार करना पड़ता है या फिर वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ती है। खासकर संयुक्त परिवारों में रसोई का काम प्रभावित हो रहा है।

गंगाशहर निवासी सीमा शर्मा ने बताया कि उनके घर में दस सदस्य हैं और रसोई में गैस की खपत ज्यादा होती है। पहले जरूरत पड़ने पर दूसरा सिलेंडर मिल जाता था, लेकिन अब 25 दिन की सीमा के कारण बहुत परेशानी हो रही है। कई बार खाना बनाने के बीच में ही गैस खत्म हो जाती है। तब पड़ौस से सिलेंडर मांगना पड़ता है या फिर इंतजार करना पड़ता है। वे कहती हैं कि संयुक्त परिवारों के लिए यह नियम व्यवहारिक नहीं है और इससे रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। सिलेंडर आपूर्ति में देरी का असर छोटे कारोबार पर भी पड़ रहा है।

शहर के एक मिठाई दुकानदार रमेश स्वामी ने बताया कि व्यावसायिक गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिलने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है। मिठाई और नमकीन बनाने के लिए लगातार

# नवरात्र पर हिन्दू नववर्ष 2083 की धर्मयात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर

**बीकानेर,**(कासं)। भारतीय नववर्ष 2083 के उपलक्ष में आयोजित होने वाली भव्य हिन्दू नववर्ष धर्मयात्रा की तैयारियां शहर में जोर-शोर से चल रही हैं। भारतीय नववर्ष समारोह समिति द्वारा विभिन्न समाजों, संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों तथा विभागों से निरंतर संपर्क कर धर्मयात्रा में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में महानंद मंदिर परिसर में अनुराधा आचार्य के नेतृत्व में महिला शक्ति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिन्दू नववर्ष के सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व पर विचार-विमर्श किया गया तथा उपस्थित महिलाओं से अधिकाधिक संख्या में धर्मयात्रा में शामिल होने का आव्हान किया गया।



भारतीय नववर्ष समारोह समिति की ओर से हिन्दू नववर्ष धर्मयात्रा को लेकर महिलाओं ने घर-घर जनसम्पर्क किया ।

इस अवसर पर भारतीय नववर्ष समारोह समिति के महामंत्री भंवर पुरोहित ने भी उपस्थित रहकर आयोजन की रूपरेखा पर अपने विचार रखे। वहीं विप्र फाउंडेशन की पदाधिकारी लक्ष्मी कश्यप ने सनातन परंपरा में चैत्र शुक्ला प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे सृष्टि के आरंभ, नवरात्रि प्रारंभ तथा सम्राट विक्रमादित्य के कालारंभ से जोड़कर बताया। बैठक में किसना जोशी, जशोदा व्यास, मंजू शर्मा, रेणु शर्मा, विजयलक्ष्मी पुरोहित, सुंदर देवी आचार्य, स्नेहलता आचार्य, चित्रा आचार्य, संतोष पुरोहित, शशि आचार्य, योगिता आचार्य, दामिनी जोशी, डिम्पल आचार्य, विमला आचार्य, शिवानी आचार्य, प्रियंका आचार्य, पॉयम पुरोहित, रीना पुरी, शांता दैया, कुसुम, पार्वती पुरोहित, जयश्री पुरोहित, सुनीता पुरोहित, सरोज देवी कोलाणी, प्रेमलता पुरोहित सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

धर्मयात्रा की तैयारियों के अंतर्गत जलदाय विभाग के कर्मचारियों से भी संवाद किया गया। समिति के महामंत्री भंवर पुरोहित ने विभागीय कर्मचारी रमेश उपाध्याय के साथ बीछवाल कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों से मुलाकात की और धर्मयात्रा में सहभागिता का आग्रह किया। इस दौरान हनुमंत पुरोहित, हरिराम तिवारी, जयसिंह, राघवेंद्र सिंह मौजूद थे।

## अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**नोखा,** (कासं)। पुलिस ने मंगलवार रात अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 48 पव्वे अवैध देसी मदिरा बरामद की है।

एसएचओ सीआई अरविंद भारद्वाज ने बताया कि पुलिस टीम रात के समय क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि डूडी स्टेडियम के पास एक युवक अवैध रूप से देसी शराब बेच रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने संदिग्ध युवक को पकड़कर उसकी तलाशी ली, जिसके पास से एक कट्टे में रखे 48 पव्वे देसी मदिरा बरामद हुए।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मनमोहन निवासी बीकानेर बताया। वो शराब रखने और बेचने से संबंधित कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने अवैध शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# कृषि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 13 को

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 22 वां दीक्षांत समारोह 13 मार्च को आयोजित किया जायेगा। समारोह राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ राजेन्द्र बाबू दुबे ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी। डॉ दुबे ने बताया कि विश्वविद्यालय के विद्या मंडप में आयोजित होने वाले इस समारोह में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा विशिष्ट अतिथि होंगे।

कार्यक्रम के दीक्षांत अतिथि पादप किस्मों के संरक्षण एवं किसान अधिकार प्राधिकरण, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष प्रो. त्रिलोचन मोहपात्रा होंगे। आयोजन की समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई। इस दौरान रजिस्ट्रार डॉ देवाराम सैनी, अनुसंधान निदेशक डॉ एन. के. शर्मा, प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ दीपाली धवन सहित डीन डायरेक्टर्स उपस्थित रहे।

परीक्षा नियंत्रक डॉ राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा कृषि संकाय, सामुदायिक विज्ञान संकाय और आईएबीएम के कुल 1694 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/2026/राजकाज रेफ नं. दिनांक :-

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 51 के किला नं. 7 में भूखण्ड संख्या 337 का माप 15'-0" गुणा 50'-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमति विमला देवी पत्नी श्री देवी लाल निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमति विमला देवी पत्नी श्री देवी लाल निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 51 के किला नं. 7 में भूखण्ड संख्या 337 का माप 15'-0" गुणा 50'-0" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर